भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.2627

जिसका उत्तर 17.03.2022 को दिया जाना है

कालीकट विमानपत्तन को जोड़ने वाली ग्रीनफील्ड सड़क परियोजना

2627. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सड़क परियोजना को कालीकट अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन से जोड़ने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई सुझाव प्राप्त हुआ है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) भारतमाला परियोजना के तहत कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संर्पकता बढ़ाने के लिए मैसूर-मल्लापुरम खंड की पहचान की गई है। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) परियोजना सुविधाओं, संरेखण, लागत, व्यवहार्यता आदि को अंतिम रूप देने के लिए शुरू की गई है। परियोजनाओं को परस्पर प्राथमिकता, यातायात, निधि की उपलब्धता, संर्पकता आवश्यकता आदि के आधार पर निर्माण किया जाता है। परियोजनाओं के संरेखण को संबंधित राज्य सरकारों के परामर्श से अंतिम रूप दिया जाता है।

*****